-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन्न बांदा में चल रही 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय 29वीं प्रयागराज जोन, प्रयागराज की अंतर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का हुआ समापन। श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया गया पुरस्कृत।**

विवरण-पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में पुलिस लाइन बांदा में चल रही 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय 29वीं प्रयागराज जोन, प्रयागराज की अंतर्जनपदीय पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का आज दिनांक 16.06.2026 को समापन हो गया। समापन समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण पूरे समर्पण, अनुशासन और खेलभावना के साथ सहभागिता करना है। प्रतियोगिता में विभिन्न मार्शल आर्ट स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूडो (पुरुष एवं महिला) तथा ताइक्वांडो (पुरुष एवं महिला) टीम प्रतियोगिताओं में बांदा टीम विजेता रही। कराटे (पुरुष एवं महिला) टीम प्रतियोगिताओं में फतेहपुर टीम विजेता रही। वहीं पेंचक सिलाट (पुरुष) एवं वुशु (पुरुष) टीम प्रतियोगिताओं में बांदा टीम विजेता रही, जबकि पेंचक सिलाट (महिला) एवं वुशु (महिला) टीम प्रतियोगिताओं में प्रयागराज टीम विजेता रही। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी नरैनी प्रवीण कुमार, क्षेत्राधिकारी अतर्रा सुश्री प्रतिज्ञा सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सौरभ सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बांदा श्री बेलास यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का समापन खेल भावना, उत्साह और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।